भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....
RNI No. : RJHIN/25/A0890
वर्ष - 01 | अंक - 338 | बिजौलिया - सोमवार, 22 जून ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

# खाटूश्यामजी के लिए बनेगा नया रेलवे स्टेशन, जयपुर-दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस को मिली हरी झंडी

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की बड़ी घोषणाएं, 205 करोड़ के AI आधारित मेगा कोचिंग टर्मिनल का भी शुभारंभ

**भीलवाड़ा फोकस @ सीकर ।**

राजस्थान को रेलवे क्षेत्र में बड़ी सौगात देते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने खाटूश्यामजी के श्रद्धालुओं के लिए सुंदरपुरा में नए रेलवे स्टेशन के निर्माण की घोषणा की। साथ ही जयपुर-दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस और बीकानेर-साबरमती ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा जयपुर के खातीपुरा में 205 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित अत्याधुनिक॔ढ्ढ आधारित मेगा कोचिंग टर्मिनल का लोकार्पण किया। रेल मंत्री ने सीकर रेलवे स्टेशन पर नई पिट लाइन बनाने की घोषणा भी की, जिससे क्षेत्र की रेल सुविधाओं और परिचालन क्षमता को नई मजबूती मिलेगी।

रविवार को खातीपुरा रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि खाटूश्यामजी में देशभर से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुंदरपुरा में नया रेलवे स्टेशन बनाया जाएगा। यह स्टेशन खाटूश्यामजी से मात्र 11 किलोमीटर दूर हाईवे के किनारे स्थित होगा। स्टेशन के लिए भूमि चिन्हित कर ली गई है और अगले 12 महीनों में इसका निर्माण पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

रेल मंत्री ने खातीपुरा में 205 करोड़ रुपए की लागत से विकसित मेगा कोचिंग टर्मिनल को रेलवे के आधुनिकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि इसमें ॔ढ्ढ आधारित जांच प्रणाली, अंडरगियर स्कैनिंग सिस्टम, बोगी ड्रॉप पिट मशीन, सिंक्रोनाइज्ड कोच लिफ्टिंग सिस्टम तथा ऑटोमैटिक कोच वाशिंग प्लांट जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की गई हैं। इन तकनीकों से ट्रेनों के रखरखाव की गुणवत्ता बढ़ेगी, समय की बचत होगी तथा जयपुर की ट्रेन हैंडलिंग क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।





उन्होंने सीकर रेलवे स्टेशन पर नई पिट लाइन के निर्माण की भी घोषणा की। पिट लाइन बनने से ट्रेनों की सफाई, तकनीकी जांच, अनुरक्षण एवं रखरखाव की सुविधाएं सुदृढ़ होंगी। इसके साथ ही भविष्य में नई ट्रेनों के संचालन, अतिरिक्त ठहराव और क्षेत्रीय रेल कनेक्टिविटी के विस्तार का मार्ग भी प्रशस्त होगा।

उत्तर-पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार खातीपुरा (जयपुर)-दरभंगा-खातीपुरा अमृत भारत एक्सप्रेस सप्ताह में छह दिन संचालित होगी। ट्रेन संख्या 19725 खातीपुरा से शुक्रवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन रात 10:30 बजे रवाना होकर तीसरे दिन रात 12:55 बजे दरभंगा पहुंचेगी। वहीं ट्रेन संख्या 19726 दरभंगा से रविवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन सुबह 4:30 बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 8:40 बजे खातीपुरा पहुंचेगी।

नई अमृत भारत एक्सप्रेस में 8 स्लीपर और 11 जनरल कोच लगाए गए हैं। इससे राजस्थान, उत्तर प्रदेश और बिहार के बीच रेल संपर्क मजबूत होगा तथा रोजगार, शिक्षा और व्यापार के लिए यात्रा करने वाले यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। खासकर बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश जाने वाले यात्रियों की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि बिहार के लिए सीधी ट्रेन की मांग लंबे समय से की जा रही थी, जो अब पूरी हो गई है। उन्होंने कहा कि जयपुर-दरभंगा अमृत भारत एक्सप्रेस और खातीपुरा मेगा कोचिंग टर्मिनल जैसी परियोजनाएं राजस्थान के विकास को नई गति देंगी तथा रेलवे अवसंरचना को और अधिक मजबूत बनाएंगी।

# कोटड़ी में प्रधानमंत्री ई-बस सेवा का शुभारंभ, क्षेत्र को मिली आधुनिक और प्रदूषण मुक्त परिवहन सुविधा

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।**

**राजेंद्र बबलू पोखरना।**

क्षेत्रवासियों को आधुनिक एवं पर्यावरण अनुकूल परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में रविवार को कोटड़ी कस्बे में प्रधानमंत्री ई-बस सेवा का शुभारंभ किया गया। इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू होने से यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक एवं प्रदूषण मुक्त यात्रा का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों ने इसे क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया।




शुभारंभ समारोह में जहाजपुर-कोटड़ी विधायक गोपीचंद मीणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई यह योजना आमजन को बेहतर, सुरक्षित और आधुनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक बसों के संचालन से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा तथा प्रदूषण में कमी आएगी।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, निवर्तमान प्रधान करण सिंह, पूर्व प्रधान जमनालाल डीडवानिया, विधानसभा सहसंयोजक कैलाशचंद्र तिवाड़ी, मन की बात मंडल संयोजक अनिल तिवाड़ी, धर्मचंद जीनगर, नगर अध्यक्ष निर्मल लोढ़ा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि ई-बस सेवा से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी। साथ ही यह पहल स्व'छ भारत अभियान एवं हरित परिवहन की अवधारणा को भी मजबूती प्रदान करेगी।बस के कोटड़ी पहुंचने पर चालक एवं परिचालक का स्वागत किया गया। इसके बाद बस को कोटड़ी श्याम मंदिर ले जाया गया, जहां भगवान श्याम के दरबार में पूजा-अर्चना कर बस को बेल एवं पुष्पहार अर्पित किए गए। धार्मिक अनुष्ठान के पश्चात बस को रवाना किया गया।

नई बस सेवा को लेकर यात्रियों में उत्साह देखने को मिला। क्षेत्रवासियों ने इसे विकास और आधुनिक परिवहन व्यवस्था की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताते हुए जनप्रतिनिधियों एवं सरकार का आभार व्यक्त किया।

# जोगणियां माता शक्तिपीठ वेद विद्यालय में 108 बटुकों ने किया योगाभ्यास

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया ।**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्री जोगणियां माता शक्तिपीठ वेद विद्यालय में विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के 108 बटुकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सामूहिक योगाभ्यास किया तथा स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन के लिए योग को अपनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं मां जोगणियां के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके बाद प्रशिक्षकों के निर्देशन में विद्यार्थियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। योग सत्र के दौरान बटुकों को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य में योग की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

विद्यालय के आचार्यों ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है।



नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास होता है तथा जीवन में अनुशासन, एकाग्रता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने बताया कि वेद विद्यालय में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ संस्कार, योग एवं आध्यात्मिक गतिविधियों को भी विशेष महत्व दिया जा रहा है। योग से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, मानसिक दृढ़ता और स्वस्थ जीवनशैली विकसित होती है। इस दौरान सभी विद्यार्थियों को योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष मदन गोपाल धाकड़, जिला परिषद सदस्य प्रभूलाल धाकड़, मुकेश आमेटा, बालूलाल गुर्जर, धर्मराज पारीक, हरिओम शर्मा सहित विद्यालय परिवार के आचार्य, कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित रहे।

# हाईवे पर फिल्मी अंदाज में लूट, पीछा कर कार रुकवाई और सोने की चैन छीनी; छह आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजयनगर/भीलवाड़ा।**

**पुनीत चपलोत ।** राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर कार सवार यात्रियों का पीछा कर मारपीट और लूट की सनसनीखेज वारदात का बिजयनगर पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए भीलवाड़ा के छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने फिल्मी अंदाज में कई किलोमीटर तक कार का पीछा कर उसे जबरन रुकवाया और यात्रियों के साथ मारपीट कर सोने की चैन लूट ली। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त स्कॉर्पियो और क्रेटा कार भी जब्त कर ली है।

पुलिस के अनुसार डीडवाना-कुचामन जिले के परबतसर थाना क्षेत्र निवासी बाघाराम गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपने भाई मोतीराम और सचिन के साथ 19 जून की रात बेंगलुरु से अपने गांव लौट रहा था। रात करीब 10 बजे रायला टोल के आगे एक काले रंग की स्कॉर्पियो ने बार-बार डिपर देकर और हाथ के इशारों से उनकी कार रुकवाने का प्रयास किया। संदेह होने पर उन्होंने वाहन नहीं रोका और आगे बढ़ते रहे।

रिपोर्ट में बताया गया कि स्कॉर्पियो सवार बदमाश लगातार कई किलोमीटर तक उनकी कार का पीछा करते रहे। बिजयनगर पुलिया से पहले एक स्कॉर्पियो और दूसरी क्रेटा कार ने उनकी गाड़ी को टक्कर मारकर जबरन रोक लिया। इसके बाद दोनों वाहनों से उतरे युवकों ने मारपीट कर बाघाराम के गले में पहनी सोने की चैन लूट ली और मौके से फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही बिजयनगर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपियों के वाहनों के नंबरों के आधार पर तलाश शुरू की। किशनगढ़ टोल के पास नाकाबंदी कर दोनों वाहनों को पकड़ लिया गया। पूछताछ के बाद पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने मामले में मयंक जटिया (20) निवासी गोपालपुरा शास्त्रीनगर, विनित राठी (21) निवासी बापूनगर कॉलोनी, ऋषभ जोशी (24) निवासी मंगला चौक, उत्तम नाराणिया (21) निवासी न्यू हाउसिंग बोर्ड, राजवीर विसनानी (18) निवासी वैभव नगर गोपालपुरा रोड तथा आशीष लोट (22) निवासी बापूनगर कॉलोनी, भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह एक संगठित गिरोह प्रतीत हो रहा है। पूछताछ के दौरान हाईवे पर हुई अन्य लूट एवं आपराधिक वारदातों के खुलासे होने की भी संभावना जताई जा रही है।

# नरेगा कार्य पर जा रही महिला पर हमला, सिर में गंभीर चोट; मामला दर्ज

**भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।**

टिटोड़ा जागीर गांव में नरेगा कार्य पर जा रही एक महिला पर कथित रूप से लकड़ी से हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता के पति की रिपोर्ट पर थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार टिटोड़ा जागीर निवासी मांगीलाल तेली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी पत्नी मधु देवी (50) शुक्रवार सुबह नरेगा कार्य पर जा रही थी। इसी दौरान गांव के ही एक व्यक्ति ने कथित रूप से पीछे से आकर उस पर लकड़ी से हमला कर दिया। हमले में महिला के सिर पर गंभीर चोट आई और खून बहने लगा।

घटना के दौरान महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े, जिसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गया। परिजन घायल महिला को तत्काल



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां उसका उपचार कराया गया।

घटना के बाद मांगीलाल तेली ने शक्करगढ़ थाने में लिखित रिपोर्ट देकर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

# ट्रेनिंग पूरी कर गांव लौटे अग्निवीर सुनील जाट का हुआ भव्य स्वागत

**भीलवाड़ा फोकस @ आसींद।**

भारतीय सेना में अग्निवीर के रूप में चयनित होने के बाद प्रशिक्षण पूर्ण कर पहली बार पैतृक गांव बराणा पहुंचे जवान सुनील जाट का ग्रामीणों ने उत्साह और गौरव के साथ भव्य स्वागत किया। देश सेवा के लिए सेना में शामिल हुए युवा सैनिक के सम्मान में गांव में देशभक्ति का माहौल देखने को मिला और जगह-जगह पुष्पवर्षा कर उनका अभिनंदन किया गया।

बराणा निवासी शिवलाल जाट के सुपुत्र सुनील जाट के कांवलाश चौराहे पर पहुंचते ही ग्रामीणों ने भारत माता के जयकारों के साथ उनका स्वागत किया। इसके बाद गांव में जुलूस के रूप में उनका स्वागत करते हुए फूल-मालाएं पहनाई गईं तथा साफा बांधकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर भाटीखेड़ा के विक्रम सिंह भाटी ने जवान सुनील जाट को साफा पहनाकर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सेना में शामिल होकर सुनील ने न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उनका यह सफर युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है और राष्ट्रसेवा की भावना को मजबूत करने वाला है।

स्वागत समारोह के दौरान पूरा गांव देशभक्ति के रंग में रंगा नजर आया।



ग्रामीणों ने कहा कि सुनील जाट की उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं को सेना में भर्ती होकर देश सेवा के लिए प्रेरित करेगी। समारोह में युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और जवान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में मूलचंद, शिवप्रसाद, शांतीलाल, विनोद पारीक, महावीर जाट, सूर्यभान सिंह भाटी, ललित जाट, किशन जाट, शंकर जाट, प्रहलाद जाट, अनुराग पारीक, सम्पत जाट सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## महेश नवमी महोत्सव पर माहेश्वरी समाज के युवाओं ने किया मैराथन दौड़ व योगाभ्यास



**भीलवाड़ा फोकस @ काछोला।**

महेश नवमी के पावन अवसर पर माहेश्वरी समाज के युवाओं ने स्वास्थ्य जागरूकता, अनुशासन और सामाजिक एकता का संदेश देते हुए मैराथन दौड़ एवं योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में समाज के युवाओं, महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सुबह आयोजित मैराथन दौड़ में युवाओं ने जोश और उमंग के साथ भाग लेकर फिटनेस एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। इसके बाद योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नियमित योग को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के दौरान वंडर सीमेंट की ओर से मैनेजर अर्पित मालू द्वारा सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट वितरित की गई। इस अवसर पर विनय डागा, विनय मालू, बनवारी लड्ढा, अरविंद डागा, राकेश मालू, गोपाल मालू, भगवान मंत्री, जितेंद्र मालू, शिव सोडाणी, राजेश लड्ढा, दीपक लड्ढा, भगवान सोडाणी, शिव मंत्री, अक्षत जागेटिया एवं महेश लड्ढा सहित समाज के कई युवा उपस्थित रहे।

## इमाम हुसैन की याद में विशाल रक्तदान शिविर, 411 यूनिट रक्त संग्रहित, उमराह यात्रा के लिए लकी ड्रॉ की घोषणा, रक्तवीरों का हुआ सम्मान




**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

**पुनित चपलोत**

हजरत सैयद इमाम हुसैन रज़ियल्लाहु तआला अन्हु की याद में राजस्थान मुस्लिम यूथ की ओर से रविवार को शास्त्री नगर स्थित मौलाना अबुल कलाम आजाद कम्युनिटी हॉल में विशाल रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में शहर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। रक्तदान शिविर में कुल 411 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

राजस्थान मुस्लिम यूथ के संस्थापक अब्दुल गफ्फार मुल्तानी ने बताया कि रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीरों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष योजना बनाई गई है। शिविर में रक्तदान करने वाले प्रतिभागियों में से एक भाग्यशाली व्यक्ति को 15 दिन की निःशुल्क उमराह यात्रा का अवसर दिया जाएगा। इसके लिए ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर मंसूर अली बाबा दरगाह चौक पर सार्वजनिक रूप से लकी ड्रॉ निकाला जाएगा।

कैंप प्रभारी इकबाल मंसूरी ने बताया कि शिविर में महात्मा गांधी ब्लड बैंक द्वारा 211 यूनिट, महाराणा भोपाल हॉस्पिटल की टीम द्वारा 99 यूनिट तथा कोटड़ी श्याम ब्लड बैंक द्वारा 101 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। वहीं निःशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बीपी, शुगर सहित विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी जांचें कर लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। शिविर में मुबारिक मंसूरी उपरेड़ा ने 38वीं बार तथा वीरेंद्र सोनी ने 29वीं बार रक्तदान कर मानव सेवा की मिसाल पेश की। आयोजन समिति की ओर से दोनों रक्तदाताओं का सम्मान भी किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मन्नान शेख, वसीम अंसारी, हयात चौहान, मोहम्मद तौफीक शाह, राशिद खान, अब्दुल सलाम अंसारी और इमरान देशवाली सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवकों और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों का विशेष सहयोग रहा। आयोजन समिति ने सभी रक्तदाताओं, चिकित्सकों, स्वयंसेवकों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

## विधायक मीणा ने बड़िया के बालाजी में विश्रांति गृह का किया शिलान्यास

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**



कस्बे के सवाईपुर रोड स्थित बाडिया का बालाजी मंदिर परिसर में विधायक कोष से 10 लाख रुपये की लागत से बनने वाले विश्रांति गृह का जहाजपुर- कोटड़ी विधायक गोपीचंद मीणा ने विधिवत भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक मीणा ने कहा कि धार्मिक स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए विश्रांति गृह का निर्माण कराया जा रहा है। इसके निर्माण से मंदिर परिसर में आने वाले भक्तों एवं आगंतुकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। कार्यक्रम के दौरान मंदिर समिति एवं ग्रामीणों ने अतिथियों का स्वागत कर क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए आभार व्यक्त किया। विश्रांति गृह के निर्माण से श्रद्धालुओं को बैठने एवं ठहरने की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। शिलान्यास कार्यक्रम में निवर्तमान प्रधान करण सिंह कानावत, उप जिला प्रमुख शंकरलाल गुर्जर, भाजपा जिला महामंत्री कन्हैयालाल जाट, मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, कैलाशचंद्र सुथार, धर्मचंद जीनगर, श्रवण सोनी, बद्रीलाल आचार्य, कल्याण आचार्य, दिनेश लढा, राजेश आचार्य, उमेश वैष्णव, बजरंग आचार्य, हीरालाल आचार्य, चांदमल आचार्य, कैलाश आचार्य, देवीलाल आचार्य, महावीर आचार्य, सुखपाल आचार्य, मुकेश आचार्य, रतनलाल आचार्य सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

## सवाईपुर क्षेत्र में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

### ग्रामीणों ने 'योगा फॉर हेल्दी एजिंग' थीम पर किया योगाभ्यास



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**( सांवर वैष्णव ):-** 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बेहद उत्साह और धूमधाम के साथ रविवार को मनाया गया । इस विशेष शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों ने भाग लिया । प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास किया । कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य डॉ. प्रतिष्ठा ठाकुर के सानिध्य में शारीरिक शिक्षक अशोक कुमार पोरवाल ने योग की क्रिया करवाई, इस दौरान बड़ी संख्या में विद्यालय स्टाफ व ग्रामीण मौजूद रहे, वरिष्ठ अध्यापक सत्य प्रकाश भारद्वाज ने शपथ दिलाई, वहीं अंत में प्रधानाचार्य डॉ. ठाकुर ने संबोधित करते हुए योग को नियमित जीवन का हिस्सा बनने पर जोर देते हुए कहा कि निरोगी शरीर के लिए योग जरूरी है । वही आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश वैष्णव ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर बन का खेड़ा में आयोजित 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग प्रशिक्षक शिव प्रकाश सुथार द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार 45 मिनट तक योगाभ्यास, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया गया ।

## छात्रावास निर्माण के लिए भूखंड आवंटन की मांग, सुवालका समाज ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।**



**राजेन्द्र बबलू पोखरना ।** क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर श्री सुवालका नवयुवक मंडल समिति कोटड़ी के प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को विधायक गोपीचंद मीणा को ज्ञापन सौंपकर छात्रावास निर्माण हेतु भूखंड आवंटित करने की मांग की। समाजजनों ने बताया कि छात्रावास की सुविधा मिलने से दूरदराज के विद्यार्थियों को शिक्षा प्राप्त करने में राहत मिलेगी।

समिति अध्यक्ष सम्पतलाल सुवालका घेवरिया के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि कोटड़ी उपखंड क्षेत्र के अनेक विद्यार्थी आसपास के गांवों से अध्ययन के लिए आते हैं, लेकिन आवासीय सुविधा के अभाव और समय पर परिवहन साधन उपलब्ध नहीं होने के कारण उन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इससे उनकी शिक्षा भी प्रभावित होती है।

ज्ञापन में मांग की गई कि उपखंड मुख्यालय पर सुवालका समाज को एक भूखंड आवंटित किया जाए, ताकि वहां छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास का निर्माण कराया जा सके। समाजजनों ने कहा कि छात्रावास बनने से विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं बेहतर आवासीय सुविधा मिलेगी। साथ ही उक्त परिसर का उपयोग सामाजिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन के लिए भी किया जा सकेगा। विधायक गोपीचंद मीणा ने समाज की मांग को उचित बताते हुए भूखंड आवंटन के लिए आवश्यक कार्रवाई कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के हित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जाएगा इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, जमनालाल डीडवानिया, धर्मजी जीनगर, कैलाश तिवारी, बलवीर सेन, समिति उपाध्यक्ष गोपाललाल सहित कैलाश, ओमप्रकाश, योगेश, राजकुमार, कन्हैयालाल, लोकेश, सुरेश कुमार सुवालका एवं समाज के अनेक पदाधिकारी और समाजजन उपस्थित रहे।

## सामूहिक विवाह सम्मेलन का आय-व्यय लेखा पेश, बचत राशि धर्मशाला विकास कार्यों पर होगी खर्च

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**



रावणा राजपूत समाज द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन के आय-व्यय का लेखा-जोखा रविवार को आयोजित बैठक में प्रस्तुत किया गया। समाज धर्मशाला, जोगणिया माता में आयोजित बैठक में सम्मेलन से बची राशि को धर्मशाला के विकास कार्यों में लगाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। साथ ही आयोजन को सफल बनाने वाले कार्यकर्ताओं एवं सहयोगकर्ताओं का सम्मान भी किया गया।

समाज धर्मशाला में समिति अध्यक्ष शंभू सिंह सोलंकी (डाबी) की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 20 अप्रैल को आखातीज के अवसर पर हुए सामूहिक विवाह सम्मेलन का विस्तृत आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया गया। बैठक में बताया गया कि सम्मेलन में कुल 27 लाख 08 हजार 733 रुपए की आय प्राप्त हुई, जबकि विभिन्न व्यवस्थाओं पर 24 लाख 59 हजार 038 रुपए व्यय किए गए। इस प्रकार आयोजन के बाद 2 लाख 49 हजार 695 रुपए की बचत हुई।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बची हुई राशि का उपयोग रावणा राजपूत धर्मशाला, जोगणिया माता के विकास एवं आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए किया जाएगा, ताकि समाज बंधुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

इस अवसर पर आयोजन समिति एवं व्यवस्था समिति में सक्रिय योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। साथ ही श्री जोगणिया माता शक्तिपीठ प्रबंधन एवं विकास संस्थान के अध्यक्ष सत्यनारायण जोशी, सूरजमल गुर्जर एवं कोमल गुर्जर का भी स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। समिति अध्यक्ष शंभू सिंह सोलंकी ने सम्मेलन की सफलता में सहयोग देने वाले सभी समाज बंधुओं, दानदाताओं, कार्यकर्ताओं एवं अन्य समाजों के प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का विशेष धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उनके सम्मेलन में पहुंचकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने से आयोजन की गरिमा और समाज का सम्मान बढ़ा। बैठक में कालू सिंह मेहता, शंभू सिंह गहलोत, हिम्मत सिंह भाटी, महेंद्र सिंह सोलंकी, बालू सिंह देवड़ा, राम सिंह सांखला, गोपाल सिंह कोठाज, नारायण सिंह कच्छावा, हाबू सिंह हाड़ा, संजय सिंह चौहान, नरेंद्र सिंह गुड्डा, हरिकिशन सिंह कानावत, रतन सिंह चौहान, जगदीश सिंह सिसोदिया, कालू सिंह सोलंकी, सत्यनारायण सिंह चौहान, रतन सिंह मंडावरी, लाभू सिंह चौहान, मदन सिंह गहलोत, भंवर सिंह धोवड़ा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर श्री मुनिकुल ब्रह्मचर्य आश्रम वेद संस्थान में हुआ सामूहिक योगाभ्यास

**भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास।**



**रोशन ।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बरूदनी स्थित श्री मुनिकुल ब्रह्मचर्य आश्रम वेद संस्थान में विभिन्न शैक्षणिक इकाइयों में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार बताया।

संस्थान के वेद विद्यालय में श्री ईश्वर शर्मा के निर्देशन में योगाभ्यास कराया गया। वहीं लाडदेवी शर्मा पंचोली आदर्श संस्कृत महाविद्यालय में डॉ. नवल किशोर चौधरी के नेतृत्व में तथा वरिष्ठोपाध्याय संस्कृत विद्यालय में विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने सामूहिक रूप से योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया।

इसके अलावा ब्रह्मर्षि डॉ. बदरीनारायण पंचोली वैदिक कौशल विकास केंद्र के विद्यार्थियों ने भी पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ योग कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में संस्थान की विभिन्न गतिविधियों से जुड़े छात्र-छात्राओं, शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों की उल्लेखनीय सहभागिता रही।

इस अवसर पर पंडित गोपाल त्रिपाठी ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वेदों में वर्णित योग की महत्ता, उसके शारीरिक एवं मानसिक लाभ तथा महर्षि पतंजलि के योगदान पर विस्तृत जानकारी दी।

## हजरत इमाम हुसैन की याद में रक्तदान शिविर, 101 यूनिट रक्त संग्रहित

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।**

**राजेंद्र बबलू पोखरना।** शहीद-ए-आजम हजरत इमाम हुसैन की याद में रविवार को नेहरू नगर स्थित मदरसा हनफिया गरीब नवाज़ में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राजस्थान मुस्लिम यूथ के तत्वावधान में आयोजित शिविर में युवाओं एवं महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 101 यूनिट रक्तदान कर मानवता और सामाजिक सेवा की मिसाल पेश की।

शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं ने पहली बार रक्तदान किया, वहीं कई रक्तदाताओं ने 10वीं और 15वीं बार रक्तदान कर समाज सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। रक्तदाताओं के उत्साह और जनसहभागिता ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया।

कार्यक्रम में जहाजपुर-कोटड़ी विधायक गोपीचंद मीणा, पूर्व प्रधान जमनालाल डीडवानिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, देवीलाल गुर्जर, धर्मचंद जीनगर, कैलाश तिवाड़ी सहित कई जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विधायक गोपीचंद मीणा ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया तथा रक्तदाताओं के साथ संवाद भी किया।



शिविर की विशेष बात यह रही कि 15 से 20 महिलाओं ने भी रक्तदान कर समाज में जागरूकता और सेवा भावना का संदेश दिया। आयोजन में राजस्थान मुस्लिम यूथ के जिलाध्यक्ष इकबाल मंसूरी, जिला उपाध्यक्ष शाहिद मंसूरी, जिला महासचिव सलीम मंसूरी, आजाद जावेद मंसूरी एवं जाकिर हुसैन सहित संगठन के पदाधिकारी सक्रिय रूप से मौजूद रहे।

मौलाना नौमान रजा की सदारत में आयोजित कार्यक्रम में मुस्लिम समाज के गणमान्य नागरिकों, मदरसा हनफिया गरीब नवाज़ कमेटी, अजमत-ए-अहले बैत कमेटी के पदाधिकारियों एवं बड़ी संख्या में समाजजनों ने भाग लिया।

## योग को जीवन का हिस्सा बनाएं, स्वस्थ समाज का होगा निर्माण: विधायक गोपीचंद मीणा

**भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी।**

**राजेन्द्र बबलू पोखरना**



12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार सुबह कोटड़ी उपखण्ड मुख्यालय स्थित श्री चारभुजानाथ मंदिर परिसर के विशाल डोम में ब्लॉक स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपखण्ड प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग, ब्लॉक कोटड़ी के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस कार्यक्रम में सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए योगाभ्यास किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जहाजपुर-कोटड़ी विधायक गोपीचंद मीणा ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य धरोहर है जिसे आज संपूर्ण विश्व अपनाकर लाभान्वित हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ एवं निरोग जीवन के लिए योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। नियमित योग से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा भी प्राप्त होती है।

योग दिवस की इस वर्ष की थीम 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' के अनुरूप उपस्थित लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा निरंतर योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित किया गया। भाजपा मण्डल अध्यक्ष प्रहलाद सेन ने योग को अपने जीवन का अंग बनाते हुए दैनिक जीवन क्रिया में प्रतिदिन योग करने पर जोर दिया। वही ब्लॉक आयुर्वेद अधिकारी डॉ. मुकेश वैष्णव के निर्देशन में अनुभवी योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षकों ने योग के वैज्ञानिक एवं स्वास्थ्यवर्धक महत्व की जानकारी देते हुए सभी को नियमित योग करने का संदेश दिया। विशाल डोम में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजन की उल्लेखनीय सहभागिता रही। सामूहिक योगाभ्यास से पूरा वातावरण योगमय हो उठा। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए प्रशासन एवं आयुर्वेद विभाग द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं।

इस अवसर पर निवर्तमान प्रधान करण सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रहलाद सेन, पूर्व प्रधान जमनालाल डीडवानिया, थाना प्रभारी महावीर मीणा, तहसीलदार श्रीलाल मीणा, विकास अधिकारी लोकेश टांक, श्रीचारभुजानाथ मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाडोदिया, धर्मचंद जीनगर, प्रशासनिक अधिकारी पारस गोधा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।




QUICK BITES

## महेश जयंती समारोह को लेकर माहेश्वरी समाज ने किया 105 यूनिट रक्तदान

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।



तहसील माहेश्वरी सभा मांडलगढ़ द्वारा महेश जयंती के उपलक्ष्य में व स्व.श्रीमती लक्ष्मी देवी सोमानी की मुख्य स्मृति में रविवार को नगर स्थित आम्बा की बावड़ी पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक गोपाल खडेलवाल, नगरपालिका पूर्व चेयरमेन संजय डांगी, पार्षद अनिता सुराणा, अर्जुन ब्रमभट्ट,नगर मंडल अध्यक्ष अशोक जीनगर सहित गणमान्य समाजजनों की मौजूदगी में भगवान महेश की तस्वीर पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मांडलगढ़ के पूर्व प्रधान जितेंद्र मुंदड़ा,पूर्व पालिका उपाध्यक्ष विनोद ओस्तवाल,तहसील अध्यक्ष ओमप्रकाश मुंदड़ा,मंत्री ओमप्रकाश लढ़ा,नगर अध्यक्ष रमेश सोमानी, मंत्री भगवान काबरा, मुंदड़ा,पूर्व अध्यक्ष गोवर्धनलाल झंवर,मानसिंह मुंदड़ा, मुरली गट्टयाणी,छोटू लाल सोनी,गुलाब सोनी,महिला अध्यक्ष अल्का लढ़ा,नगर महिला अध्यक्ष गायत्री काबरा,मंत्री सोनू असावा, प्रियंका सोनी,जिला संगठन मंत्री इंद्रा झंवर,सत्यनारायण भंडारी,विनोद सोनी,विशाल सोनी,ओमप्रकाश लढ़ा सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे। रक्तदान शिविर में 105 यूनिट रक्तदान हुआ जिसमें युवा,युवतियां व युवक-युवकों ने उत्साह से भाग लिया। मंत्री भगवान काबरा ने बताया कि 23 जून को महेश जयंती अवसर पर नगर की पुरानी आबादी स्थित मोड़ का बालाजी से भव्य शोभायात्रा का आयोजन धूमधाम से किया व शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए काछोला ग्राम में होने वाले मुख्य समारोह में शामिल होंगी।

## गंगापुर में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य योग कार्यक्रम आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर



**(दिनेश )** 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गंगापुर के हायर सेकेंडरी स्कूल में आयुष विभाग द्वारा एक भव्य योग कार्यक्रम आयोजित हुआ। 'इस वर्ष की थीम स्वस्थ आयु / वृद्धावस्था के लिए योग' है के तहत कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें
विधायक लादू लाल पितलिया,उपखंड अधिकारी विवेक गुर्जर,तहसीलदार वीरेंद्र सिंह, विकास अधिकारी गजेंद्र सिंह ने दीप प्रज्जवलन किया और स्वस्थ जीवनशैली के लिए योग को दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि विधायक लादू लाल पितलिया ने योग के शारीरिक और मानसिक लाभों पर प्रकाश डालते हुए सभी को योग के प्रति
जागरूकता बढ़ाने के लिए कहा । उपखंड अधिकारी गुर्जर ने
योग को अपने दिनचर्या में शामिल करने का आग्रह करते हुए नियमित रूप से योग करने की बात कही और संकल्प दिलवाया।योग शिक्षक प्रियंका व्यास रेखा रैगर और
भारत स्वाभिमान की तहसील प्रभारी दिनेश लक्षकार ने प्रतिभागियों को सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योग आसन करवाए। । कार्यक्रम के अंत में प्रभारी डॉ. सतीश शर्मा ने सभी अतिथियों, और आयोजकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में भाजपा नगर अध्यक्ष अमित तिवारी,लोक अभियोजक दिनेश बापना, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष अरविंद चौधरी,
पुलिस उपाधीक्षक सुदर्शन देव पालीवाल, भारत विकास परिषद अध्यक्ष चमन लोसर, गौभक्त राजेश रांका,सुनील सिंह,योग सह प्रभारी डाक्टर हरीश केडिया,भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित तिवारी,अक्षय राज झाला , डॉ विपिन शर्मा , विनोद पंचोली, शंकर सिंह राणावत,मोतीलाल गहलोत , प्रधानाचार्य गोवर्धन लाल सोनी, अनिल शर्मा, कैलाश जीनगर,विजय लक्ष्मी जीनगर, दया सैनी सहित उपखंड स्तर के अधिकारी और बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। भारत विकास परिषद ने सभी के लिए अंकुरित दालों का पौष्टिक अल्पाहार वितरित किया।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पंचायत स्तरीय योगाभ्यास, ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़।



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राजकीय पीएम श्री उच्च माध्यमिक विद्यालय बाकरा में पंचायत स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सोजीराम मीणा ने बताया कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। योगाभ्यास के दौरान उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम करवाए गए तथा नियमित योग को दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में आयुर्वेद विभाग से ललितेश सारस्वत, उप प्रशासक सत्यनारायण शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी नरेंद्र कुमार मीणा, शारीरिक शिक्षक बलवंत पारीक, सीएचओ अनीता गुर्जर, एएनएम निर्मला मीणा, आशा सहयोगिनी कांता प्रजापत, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# महुआ प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में युवाओं का उत्साह, प्रधान मूंदड़ा ने बढ़ाया हौसला

## खेल, शिक्षा और रोजगार से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर रहने का दिया भरोसा

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला





महुआ में आयोजित महुआ प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में क्षेत्र के युवाओं का उत्साह और खेल भावना देखने को मिली। प्रतियोगिता में प्रधान जितेंद्र कुमार मूंदड़ा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रधान मूंदड़ा ने अपने संबोधन में कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, संघर्ष और टीम भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम हैं। ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर प्रदान करते हैं तथा युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र के युवाओं का भविष्य उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। खेल, शिक्षा, रोजगार एवं करियर से जुड़ी किसी भी समस्या के समाधान के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे तथा युवाओं को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे।

प्रतियोगिता के सफल आयोजन में स्थानीय ग्रामीणों, युवाओं एवं आयोजन समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही। महुआ के युवाओं में खेल के प्रति दिखाई दिया उत्साह, ऊर्जा और समर्पण क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। कार्यक्रम के अंत में प्रधान जितेंद्र कुमार मूंदड़ा एवं आयोजन समिति का आभार व्यक्त किया गया। वक्ताओं ने कहा कि जहां युवाओं को अवसर मिलता है, वहीं से क्षेत्र के विकास और समृद्धि की नई शुरुआत होती है।

इस अवसर पर मुकेश खटीक आशीष शर्मा राजकुमार सेठी उमेश जोशी कृष्ण गोपाल सिंह,धर्मराज गुजर, किशन साहू ,नेमी चंद शर्मा ,अरविंद शर्मा ,अभिषेक शर्मा एवं गोपाल जोशी उपस्थित रहे

# प्रतिदिन योग करें, निरोग रहे, बीमारियों से बचे-विधायक गोपाल खंडेलवाल

## मांडलगढ़ में देश भक्ति के गीतों संग योगमय हुआ बारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस





भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।

आयुर्वेद विभाग के सहायक नोडल अधिकारी डॉ विनोद कुमार वर्मा एवं योग प्रशिक्षक विकास सोनी के कुशल सानिध्य में ब्लॉक स्तरीय बारहवां अंतर्राष्ट्रीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम पीएम श्री राजकीय महाराणा उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान पर स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग थीम के साथ आयोजित हुआ जिसमें प्रोटोकॉल के निमित्त विभिन्न आसन , प्राणायाम, ध्यान , हास्यासन आदि का अभ्यास बांसुरी, हारमोनियम एवं ढोलक की देश भक्ति मधुर धुन के साथ करवाए गए। योग डेमो प्रदर्शन योग सहयोगी सु श्री मोनिका बदलानी, कुनाल टेलानी, याशी खत्री, दुर्गेश सोनी आदि द्वारा दिया गया करवाया। कार्यक्रम में मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल, निर्वतमान नगर पालिका अध्यक्ष संजय डांगी, पुलिस उपाधीक्षक योगेश शर्मा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बनवारी जीनगर,पूर्व पालिका अध्यक्ष विनोद ओस्तवाल, अशोक जीनगर, मनोज सनाढ्य , जमना लाल सेन, पवनेश ओस्तवाल, अर्जुन ब्रह्मभट्ट, लादू लाल खटीक, कनिष्ठ आयुर्वेद नर्स सुनीता बैरागी,रजनी बदलानी, राजकुमार व्यास, प्रकाश चादनानी,योगेश वैष्णव, सहित सभी प्रशासनिक अधिकारी गण, पत्रकार जन, एवं जनप्रतिनिधि एवं आमजन उपस्थित रहे

# जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, अधिकारियों व कर्मचारियों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर स्थित बार पुस्तकालय में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं न्यायिक कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग को स्वस्थ जीवन की आधारशिला बताया।

कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक दीपांशु सोलंकी ने आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित कॉमन योगा प्रोटोकॉल के अनुसार प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। उन्होंने नियमित योगाभ्यास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक संतुलन और आत्मिक शांति का भी प्रभावी माध्यम है।

इस अवसर पर पॉक्सो न्यायालय संख्या-01 की न्यायाधीश रेखा वधावा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संख्या-03 पवन कुमार काला, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रश्मि आर्या, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट देवांगिनी औदीच्या सहित अन्य न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता एवं न्यायिक कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान सभी प्रतिभागियों ने योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने तथा स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। आयोजन का उद्देश्य न्यायिक परिवार में स्वास्थ्य, अनुशासन एवं मानसिक संतुलन के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

# सेवा, समर्पण और जनसंपर्क के बीच संपन्न हुआ विधायक गोपाल खंडेलवाल का 64वां जन्मोत्सव





भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।

मांडलगढ़ विधायक गोपाललाल शर्मा (खंडेलवाल) के 64वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित धार्मिक, सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों का शनिवार को भव्य समापन हुआ। जन्मोत्सव के दौरान सेवा कार्यों, पौधारोपण, गौसेवा, देवदर्शन, जनसंवाद एवं महाप्रसादी जैसे आयोजनों में जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं आमजन की बड़ी भागीदारी देखने को मिली।

समापन अवसर पर विधायक गोपाल खंडेलवाल ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा लोगों से अधिकाधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के प्रबुद्धजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों से जनसंवाद कर विकास एवं जनकल्याण से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

विधायक ने तिलस्वा महादेव मंदिर में दर्शन एवं पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात इंद्रपुरा स्थित तिलस्वा नाथ गोशाला में गौसेवा करते हुए गौवंश को लापसी एवं हरा चारा खिलाया तथा गौ संरक्षण का संदेश दिया। वहीं गोलमगढ़ बालाजी महाराज के दर्शन कर प्रदेश एवं क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि और मंगलमय जीवन की प्रार्थना की।

नयानगर स्थित गोलमगढ़ बालाजी मंदिर परिसर में आयोजित विशाल महाप्रसादी एवं समापन समारोह में मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र सहित जिलेभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं समर्थक पहुंचे। उपस्थित लोगों ने विधायक को जन्मदिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके जनसेवा कार्यों की सराहना की तथा स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

इस अवसर पर विधायक गोपाल खंडेलवाल ने कहा कि मांडलगढ़ विधानसभा की देवतुल्य जनता ने उन्हें दो बार विधानसभा में भेजकर जो विश्वास व्यक्त किया है, उसके लिए वे सदैव ऋणी रहेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए उनका प्रयास निरंतर जारी रहेगा तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों को नई गति मिल रही है।

कार्यक्रम में सांसद दामोदर अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, गुरुदेव महेंद्र भट्ट, मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना, उपखंड अधिकारी मनमोहन शर्मा, उपखंड अधिकारी संजना जोशी, विधानसभा संयोजक अनिल पारीक, भाजपा बिजोलिया मंडल अध्यक्ष राजेंद्र कुमार बंजारा सहित भाजपा संगठन के अनेक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# शाहपुरा में गूंजी योग की शक्ति-रामकोठी परिसर बना स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का केंद्र

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

-मूलचन्द पेसवानी

'करो योग, रहो निरोग' का संदेश रविवार सुबह शाहपुरा की फिजाओं में कुछ इस तरह गूंजा कि पूरा शहर स्वास्थ्य, अनुशासन और आत्मिक ऊर्जा के रंग में रंगा नजर आया। 12 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल रामद्वारा रामकोठी में आयुर्वेद विभाग की ओर से आयोजित ब्लॉक स्तरीय योग कार्यक्रम ने न केवल लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया, बल्कि यह संदेश भी दिया कि योग आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में संजीवनी बन चुका है। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के समक्ष दीप प्रज्वलन, पूजा-अर्चना एवं माल्यार्पण के साथ किया गया।



सुबह की ताजी हवा, रामकोठी परिसर की आध्यात्मिक आभा और सैकड़ों लोगों की एक साथ चलती श्वास-प्रश्वास की लय3 यह दृश्य शरीर, मन और आत्मा के अद्भुत संगम का प्रतीक बन गया। बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्गकृहर वर्ग के लोग पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ योगाभ्यास करते दिखाई दिए। मानो पूरा शाहपुरा एक स्वर में स्वास्थ्य और संतुलन का संकल्प ले रहा हो।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शाहपुरा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा उपस्थित रहे। उनके साथ उपखंड अधिकारी सुनील मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश आर्य, पुलिस उपाधीक्षक ओमप्रकाश विश्नोई, थाना प्रभारी सुरेश शर्मा, नोडल अधिकारी डॉ. नारायण सिंह, सह-नोडल अधिकारी डॉ. दीपिका शर्मा तथा सहायक अधिकारी डॉ. विनीत जैन सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

योग कार्यक्रम की शुरुआत योगाचार्य दारा सिंह के निर्देशन में हुई। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन, कपालभाति और अनुलोम-विलोम सहित विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। साथ ही प्रत्येक आसन के लाभ भी सरल शब्दों में बताए। उन्होंने कहा कि नियमित योग शरीर को रोगों से दूर रखता है और तनाव, चिंता तथा मानसिक दबाव जैसी समस्याओं से लड़ने की शक्ति देता है।कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक जीतेन्द्र सिंह, लेखराज पाराशर एवं महिला योग प्रशिक्षक प्रियंका जोशी के कुशल मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने योगासनों, सूर्य नमस्कार, प्राणायाम एवं ध्यान प्रक्रियाओं का सघन अभ्यास किया। विशेषज्ञों ने बताया कि नियमित योगाभ्यास न केवल शारीरिक व्याधियों को दूर करता है, बल्कि मानसिक शांति के लिए भी अत्यंत आवश्यक है।

सामूहिक योगाभ्यास के दौरान ऐसा लगा मानो पूरा परिसर ऊर्जा से भर उठा हो। हर आसन के साथ प्रतिभागियों के चेहरों पर आत्मविश्वास और मन में शांति स्पष्ट दिखाई दे रही थी। यह केवल शरीर को लचीला बनाने का अभ्यास नहीं था, बल्कि भीतर की अशांति को शांत कर जीवन में संतुलन स्थापित करने का एक प्रयास था।

अपने संबोधन में विधायक डॉ. बैरवा ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक श्रेष्ठ कला है। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों को नियमित योग करने की शपथ दिलाई और कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ विचारों का जन्म होता है। उन्होंने कहा, 'यदि हमें विकसित, समृद्ध और सशक्त भारत का निर्माण करना है तो सबसे पहले स्वयं को स्वस्थ बनाना होगा। योग हमारी प्राचीन धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है।' डॉ. लालाराम बैरवा ने कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक पद्धति है।

उन्होंने आगे कहा कि योग व्यक्ति को केवल शारीरिक रूप से मजबूत नहीं बनाता, बल्कि मानसिक दृढ़ता और आत्मिक संतुलन भी प्रदान करता है। आज की भागदौड़ और तनावपूर्ण जीवनशैली में योग ही वह साधन है, जो इंसान को भीतर से मजबूत बनाता है और उसे सकारात्मक सोच की ओर अग्रसर करता है।

नोडल अधिकारी डॉ. नारायण सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए योग दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य विरासत है, जो पूरी दुनिया को स्वास्थ्य, शांति और संतुलन का मार्ग दिखा रही है। उन्होंने आयोजन में सहभागिता निभाने वाले सभी अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसमें भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल , भारत विकास परिषद, वरिष्ठ नागरिक संस्थान, मोनि।ग क्लब, यंग स्पोर्ट्स क्लब तथा रामस्नेही संप्रदाय सहित अनेक सामाजिक संगठनों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इन संगठनों के सदस्यों ने अनुशासन, समर्पण और उत्साह के साथ योगाभ्यास कर समाज के सामने प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष पंकज सुगंधी, जिलामंत्री राजेंद्र बोहरा, पूर्व नगरपालिका चेयरमैन कन्हैया लाल धाकड़, सम्मिलित रहे। इस योग महाकुंभ में कुल 1256 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। यह आयोजन शाहपुरा के तीन निर्धारित प्रमुख स्थलों पर एक साथ आयोजित किया गया था, जहाँ नागरिकों ने अनुशासित होकर योग का अभ्यास किया।

यह आयोजन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम बनकर नहीं रहा, बल्कि स्वास्थ्य जागरूकता का जनसंदेश बन गया। शाहपुरा की धरती से उठी यह योग चेतना आने वाले समय में निश्चित ही स्वस्थ, सजग और सशक्त समाज की नींव मजबूत करेगी। संदेश स्पष्ट है रोग से बचाव का सबसे सरल, सुलभ और प्रभावी मार्ग योग है। शाहपुरा ने इस संदेश को केवल सुना ही नहीं, बल्कि पूरे मन से अपनाने का संकल्प भी लिया।

## योग, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश, सेवा श्रम अभियान के 323वें सप्ताह में हुआ विशेष आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा।

**परमेश्वर ।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बनेड़ा क्षेत्र में योग, स्वास्थ्य जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण को समर्पित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। अपना संस्थान एवं पर्यावरण संरक्षण संस्थान के तत्वावधान में चल रहे निरंतर सेवा श्रम अभियान के तहत योगाभ्यास, स्वच्छता अभियान और श्रमदान कार्यक्रम आयोजित हुए, जिनमें प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस कर्मियों, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में आमजन ने सहभागिता निभाई।



तहसील अध्यक्ष मुरली मनोहर व्यास ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह नए बस स्टैंड स्थित विद्युत विभाग कार्यालय के निकट बने पो (जल स्रोत) की सफाई से हुई। इसके बाद पीएम श्री उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में योग महोत्सव आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, महिला-पुरुष एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सामूहिक योगाभ्यास किया।

योग महोत्सव में राजाधिराज गोपाल चरणसिंह सिसोदिया सहित कई प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया। आयुर्वेद विभाग की ओर से 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' विषय पर जागरूकता संदेश देते हुए नियमित योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया गया। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि योग शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक शांति और दीर्घकालिक निरोगी जीवन का प्रभावी माध्यम है।

कार्यक्रम में बनेड़ा थानाधिकारी राजूराम काला अपनी पुलिस टीम के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने योगाभ्यास में भाग लेने के साथ-साथ आमजन को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। योग कार्यक्रम के पश्चात पुलिस दल ने सेवा श्रम अभियान में भी सक्रिय भागीदारी निभाते हुए स्वच्छता कार्य में श्रमदान किया।

अभियान के तहत सुल्तानगढ़ के तरणी-भरनी मार्ग, कोडलाई क्षेत्र तथा अमरपुरा तंवरा का खेड़ा स्थित जल स्रोतों की सफाई की गई। कार्यकर्ताओं ने जल स्रोतों को खाली कर उनमें जमा काई एवं मलवे को हटाया, इसके बाद एसिड से सफाई, पानी से धुलाई एवं कल्ली की पुताई कर उन्हें स्वच्छ बनाया।

संस्था पदाधिकारियों ने बताया कि जल संरक्षण, स्वच्छता और पर्यावरण जागरूकता को लेकर चलाया जा रहा यह सेवा श्रम अभियान अब 323वें सप्ताह में प्रवेश कर चुका है और भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा।

कार्यक्रम के दौरान प्रशासन, पुलिस विभाग, आयुर्वेद विभाग एवं सामाजिक संगठनों की सहभागिता से स्वास्थ्य, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ। उपस्थित लोगों ने कहा कि समाज और प्रशासन की संयुक्त भागीदारी से जनजागरूकता अभियानों को नई दिशा और मजबूती मिलती है।

## योग केवल व्यायाम नहीं, जीवन जीने की समग्र पद्धति : सांसद अग्रवाल

### 'स्वस्थ आयु के लिए योग' थीम पर मनाया गया 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को शांति भवन में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय आयोजन उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस वर्ष योग दिवस की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' (Yoga for Healthy Ageing) रही, जिसके माध्यम से स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में सांसद दामोदर अग्रवाल, शहर विधायक अशोक कोठारी, सहाड़ा विधायक लादूलाल पितलिया, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, प्रभारी सचिव मंजू राजपाल, जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू, अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) प्रतिभा देवठिया, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी चंद्रभान सिंह भाटी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। महिलाओं, युवाओं, बच्चों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए सामूहिक योगाभ्यास किया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश वर्चुअल माध्यम से सुना। प्रधानमंत्री ने योग को मानवता के लिए भारत की अमूल्य देन बताते हुए इसे स्वस्थ, संतुलित एवं तनावमुक्त जीवन का आधार बताया।

जिला नोडल अधिकारी डॉ. जी.एल. शर्मा ने बताया कि योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में प्रतिभागियों ने कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया तथा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की समग्र पद्धति है। यह व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बदलती जीवनशैली और बढ़ते तनाव के दौर में योग का महत्व और अधिक बढ़ गया है।

सांसद दामोदर अग्रवाल ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए स्वच्छ, स्वस्थ एवं विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। साथ ही सभी प्रतिभागियों को सकारात्मक सोच, आत्मविकास, सामाजिक सद्भावना तथा विश्व में शांति, आनंद और स्वास्थ्य के प्रसार के लिए संकल्प भी दिलाया गया।

QUICK BITES

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बिजोलिया में हुआ भव्य आयोजन, स्वस्थ जीवन का दिया संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया




**( नरेश धाकड़)** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बिजोलिया में रविवार को 12वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह एवं उमंग के साथ ब्लॉक स्तरीय समारोह के रूप में मनाया गया। इस वर्ष की थीम 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग' के तहत आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर सामूहिक योगाभ्यास किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष राजेंद्र बंजारा रहे। विशिष्ट अतिथियों में भारत विकास परिषद अध्यक्ष वेद प्रकाश तिवारी, मनोज गोदा, पूर्व पंचायत समिति सदस्य अभिषेक शर्मा एवं हितेंद्र राजोरा उपस्थित रहे। आयुर्वेद एवं स्वास्थ्य विभाग से डॉ. संजय कुमार नागर, डॉ. दुर्गाशंकर मेहर, डॉ. रिजवाना खान एवं राजकुमारी चौधरी ने विशेष सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मालीराम यादव एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य दिलीप सिंह सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में प्रतिभागियों ने ताड़ासन, वृक्षासन, वज्रासन, भुजंगासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। योगाभ्यास का संचालन डॉ. दुर्गाशंकर मेहर, डॉ. संजय कुमार नागर, राजकुमारी चौधरी, डॉ. रिजवाना खान एवं मालीराम यादव द्वारा किया गया।

इस अवसर पर नोडल प्रभारी डॉ. संजय कुमार नागर ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की एक समग्र जीवनशैली है। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से मधुमेह, उच्च रक्तचाप, तनाव, अनिद्रा एवं अन्य जीवनशैली जनित रोगों के जोखिम को कम किया जा सकता है तथा वृद्धावस्था में भी व्यक्ति सक्रिय एवं आत्मनिर्भर बना रह सकता है।

वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में स्वस्थ वृद्धावस्था की अवधारणा को साकार करने के लिए योग सबसे सरल, सुरक्षित एवं प्रभावी माध्यम है। योग शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित कर जीवन में सकारात्मकता एवं प्रसन्नता का संचार करता है।

कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य दिलीप सिंह ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए नियमित योगाभ्यास का संकल्प दिलाया। शांति पाठ के साथ समारोह का समापन हुआ।

## न्यायालय परिसर में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, स्वस्थ जीवन का दिया संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।




राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में रविवार को न्यायालय परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट रूपल अग्रवाल की उपस्थिति में आयोजित हुआ।

योग दिवस कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पैरालीगल वालंटियर्स (पीएलवी) ने सामूहिक योगाभ्यास कर नियमित योग को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर योग के माध्यम से स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संदेश भी दिया गया।

कार्यक्रम में रीडर गोपेश शर्मा, कनिष्ठ लिपिक द्वितीय ग्रेड दीपिका डाबी, निजी सहायक हिमांशु उपाध्याय, कनिष्ठ लिपिक नरेश धाकड़, राधाकृष्ण आमेटा, पीएलवी गोपाललाल पाराशर, रामबाबू माथुर, अंजली नायक, सुनीता नायक, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कन्हैयालाल शर्मा, भारती जैन, अनवर हुसैन, कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह राजावत सहित कुल 18 सदस्य उपस्थित रहे।

## विधायक कोठारी के प्रयासों से भीलवाड़ा को मिली कैंसर यूनिट की सौगात

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



भीलवाड़ा विधायक अशोक कुमार कोठारी के सतत प्रयासों और राज्य सरकार के सकारात्मक निर्णय के परिणामस्वरूप जिले को कैंसर उपचार के क्षेत्र में बड़ी सौगात मिली है। राजस्थान सरकार के चिकित्सा शिक्षा विभाग ने मुख्यमंत्री बजट घोषणा वर्ष 2025-26 के अंतर्गत महात्मा गांधी चिकित्सालय, भीलवाड़ा में कैंसर यूनिट की स्थापना हेतु प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी है।

चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार कैंसर यूनिट के संचालन के लिए सहायक आचार्य (ऑन्कोलॉजिस्ट) का एक पद सृजित किया गया है। इस पद पर नियुक्ति होने के बाद मरीजों की संख्या एवं आवश्यकता के आधार पर पीईटी सीटी स्कैन मशीन की स्थापना की भी समीक्षा की जाएगी। आवश्यकता होने पर पीपीपी मोड पर पीईटी सीटी स्कैन मशीन स्थापित करने का प्रस्ताव राज्य सरकार को भेजा जाएगा।

विधायक कोठारी ने कहा कि भीलवाड़ा सहित आसपास के जिलों के कैंसर मरीजों को अब उपचार के लिए जयपुर, उदयपुर, अहमदाबाद अथवा अन्य बड़े शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। कैंसर यूनिट शुरू होने से मरीजों को समय पर परामर्श एवं उपचार सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकेंगी, जिससे आर्थिक एवं मानसिक परेशानी में भी कमी आएगी।

कोठारी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह स्वीकृति जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देने वाली साबित होगी। उन्होंने कहा कि भविष्य में कैंसर उपचार से जुड़ी आधुनिक सुविधाएं भी भीलवाड़ा में उपलब्ध कराने के प्रयास जारी रहेंगे।

ज्ञात रहे की विधायक कोठारी के प्रयासों से हाल ही में कैथलैब और सुपर स्पेशिलिटी यूनिट को मंजूरी मिली है जो आगामी दो माह में प्रारंभ हो जाएगी ।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।